हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 | अंक: 11 | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार 26 मार्च से 01 अप्रैल 2021

### हे प्रभु !

पानी अगर मर्यादा तोड़ने पर आ जाए तो तय है विनाश, और अगर जुबान मर्यादा तोड़े तो फिर होता है सर्वनाश.

- अज्ञात

### अनमोल विचार

जिन लोगों को दूसरों की कुछ ज्यादा फिक्र होती है ना, वो खुद इस दुनिया में अकेले रह जाते हैं.

- अज्ञात

### नजरिया

जब किसी आदमी को ज्यादा सोचने की बीमारी लग जाती है तो वो होश में रहकर भी बेहोश ही रहता है.


-संपादक

# दिल्ली पुलिस एनकाउंटर टीम को मिली पहली लेडी सिंघम

## गोली लगने के बाद भी दो गैंगस्टर्स को दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कई मामलों में वॉन्टेड एक गैंगस्टर रोहित चौधरी और उसके साथी को सेंट्रल दिल्ली के प्रगति मैदान इलाके में स्थित भैरों मार्ग पर हुए एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। पुलिस ने दावा किया कि दिल्ली में यह पहली बार है जब कोई महिला पुलिस कर्मी एनकाउंटर टीम में शामिल थी। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि रोहित चौधरी पर चार लाख रुपये का इनाम था, जबकि उसके साथी प्रवीण उर्फ टीटू पर दो लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने बताया कि दोनों को मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगी है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों मकोका (महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून) के तहत हत्या, हत्या की कोशिश और लूटपाट की कई घटनाओं में वॉन्टेड थे। उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को खुफिया सूचना मिली थी कि बुधवार रात रोहित चौधरी और उसका साथी नीली कार में सवार होकर भैरों मार्ग से गुजरेगा। इसके बाद उन्हें पकड़ने के लिए भैरों मार्ग पर पार्किंग के नजदीक पुलिस ने जाल बिछाया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार तड़के करीब चार बजकर 50 मिनट पर पुलिस को रिंग रोड की तरफ से एक नीली कार आती दिखाई दी, उन्होंने बैरिकेड लगाकर कार को रोकने की कोशिश की, लेकिन कार चालक ने बैरिकेड में टक्कर मार दी और भागने की कोशिश के दौरान पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी। इस के बाद पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए आत्मरक्षा में गोली चलाई।पुलिस ने बताया कि गोलीबारी के दौरान एक गोली पुलिस उपायुक्त पंकज की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी, जबकि गैंगस्टर और उसके साथी द्वारा चलाई गई गोलियों में से एक गोली सब-इंस्पेक्टर प्रियंका शर्मा की बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी।






## गाजियाबाद में परिवार को बंधक बनाकर लूटा, विरोध करने पर बच्चे के मुंह में भर दी एलफी

**गाजियाबाद :** गाजियाबाद शहर में बेखौफ बदमाशों ने बुधवार देर शाम शास्त्री नगर स्थित कारोबारी के मकान में घुसकर मां बेटे को बंधक बना लिया और करीब चार लाख की नकदी और जेवर लूटकर फरार हो गए। इस दौरान बच्चे ने विरोध किया तो बदमाशों ने उसके मुंह में एलफी (सामान चिपकाने वाला पदार्थ) भर दिया। लूट की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शास्त्री नगर के बी-ब्लॉक में रहने वाले कारोबारी प्रवीन सिंघल ने बताया कि उनकी पटेल नगर में इलेक्ट्रानिक्स की दुकान है। बुधवार की शाम को वह अपनी दुकान पर थे।



# महाराष्ट्र में टूटा बीते 6 महीनों का रेकॉर्ड, कोरोना के 25,833 नए केस

**मुंबईः** महाराष्ट्र में इस साल लगातार दूसरे दिन 20 हजार से ज्यादा केस दर्ज किए गए हैं। गुरुवार को महाराष्ट्र में कोरोना के 25,833 नए मरीज मिले हैं जबकि 58 मरीजों की मौत हुई है। इसी के साथ राज्य में कुल केस 25,96,340 हो गए हैं। अब तक 53,138 मरीजों की मौत हो चुकी है। कोरोना की इस नई और बेहद तेज रफ्तार ने राज्य सरकार के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। यहां देखिए पल-पल की अपडेट्स...महाराष्ट्र के उस्मानाबाद में कोरोना का कहर, कलम्ब की सराफा दूकान में 42 लोग कोरोना पॉजिटिव मुंबई के सभी मॉल के बाहर स्वैब कलेक्शन टीम रहेगी तैनातबिना टेस्ट के किसी को भी मॉल में एंट्री नही दी जाएगीबीएमसी का बड़ा फैसला किसी भी मॉल में प्रवेश के पहले होगा कोरोना टेस्टमुंबईः कोरोना के मामलों में वृद्धि होने के बाद भी बड़ी संख्या में लोग दादर के सब्जी मंडी में खरीदारी करने पहुंचे। इस दौरान लोगों ने सामाजिक दूरी का उल्लंघन किया।मुंबई में गुरुवार को 2,877 नए कोविड केस सामने आए।अब नए प्रोटोकॉल में संक्रमितों के रिश्तेदारों, दोस्तों के अलावा कार्यस्थल के सहयोगी कर्मचारियों की ट्रेसिंग कर उनकी टेस्टिंग की जाएगी। इन्हें भी कोविड नियमों के तहत क्वारंटीन किया जाएगा।कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग का दायरा बढ़ाकर अब एक मरीज से संपर्क में आए 20 से अधिक लोगों को ट्रेस किया जाएगा। इससे पहले 15 मरीजों को ट्रेस किया जाता था।कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या को गंभीरता से लेते हुए इसे नियंत्रित करने के लिए बीएमसी ने कॉन्टैक्ट



ट्रेसिंग पर जोर देना शुरू कर दिया है। इसके लिए अब एक नया प्रोटोकॉल बनाते हुए कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग का दायरा बढ़ाया गया है।एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भरोसा दिलाया था कि महाराष्ट्र में फिर से फैल रहे कोरोना को रोकने के लिए पिछले साल की तरह इस साल भी कठोर कदम उठाए जाएंगे। महाराष्ट्र में कोरोना के 25,833 नए मरीज मिले हैं जबकि 58 मरीजों की मौत हुई है।

# फिर जागा शिवसेना का परमबीर प्रेम, लिखा

## तबादला होने का यह मतलब नहीं है कि वे दोषी हैं

**मुंबईः** भले ही राज्य के गृहमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में यह कहा है कि परमबीर सिंह का तबादला उनकी गलतियों के चलते हुए है लेकिन शिवसेना ये कतई मानने को तैयार नहीं है। शिवसेना ने आज फिर अपने मुखपत्र सामना के जरिये यह लिखा है, मुंबई पुलिस आयुक्त के पद से परमबीर सिंह को बदल दिया गया इसका मतलब वे गुनहगार सिद्ध नहीं होते। मुंबई पुलिस आयुक्त पद की कमान उन्होंने अत्यंत कठिन समय में संभाली थी। कोरोना संकट से लड़ने के लिए उन्होंने पुलिस में जोश निर्माण किया था। धारावी जैसे क्षेत्र में वे खुद जाते रहे। सुशांत, कंगना जैसे प्रकरणों में उन्होंने पुलिस का मनोबल टूटने नहीं दिया। इसलिए आगे इस प्रकरण में सीबीआई आई तो भी मुंबई पुलिस की जांच सीबीआई के पास नहीं जा सकी। टीआरपी घोटाले की फाइल उन्हीं के समय में खोली गई। परमबीर सिंह पर



दिल्ली की एक विशिष्ट लॉबी का गुस्सा था, जो कि इसी वजह से था। उनके हाथ में जिलेटिन की 20 छड़ें पड़ गईं उन छड़ों में धमाका हुए बगैर ही पुलिस दल में दहशत फैल गई। नए आयुक्त हेमंत नगराले को साहस व सावधानी से काम करना होगा। सीपी का तबादला सामान्य नहीसामना ने लिखा है कि मुंबई के कारमाइकल रोड पर एक कार मिली थी, जिसमें जिलेटिन की 20 छड़ें रखी हुई थीं। उन छड़ों में विस्फोट नहीं हुआ परंतु राजनीति और प्रशासन में बीते कुछ दिनों से ये छड़ें धमाके कर रही हैं। इस पूरे मामले में अब मुंबई पुलिस के आयुक्त परमबीर सिंह को उनके पद से जाना पड़ा है। राज्य के पुलिस महासंचालक रहे हेमंत नगराले अब मुंबई पुलिस के नए आयुक्त बन गए हैं, तो वहीं रजनीश सेठ को पुलिस महासंचालक नियुक्त किया गया है। जिसे हम सामान्य बदली कहते हैं ये वैसी बदली नहीं है। एक विशिष्ट परिस्थिति में सरकार को ये उथल-पुथल करनी पड़ी है। सामना ने लिखा है कि विपक्ष ने इस मामले में कुछ सवाल खड़े किए हैं ये सच है। परंतु राज्य का आतंक निरोधी दस्ता इस मामले में हत्या का मामला दर्ज करके जांच कर रहा था। इसी दौरान एनआईए ने आनन-फानन में जांच की कमान अपने हाथ में ले ली।

महाराष्ट्र सरकार को किसी तरह से बदनाम कर सकें तो देखें, इसके अलावा कोई और नेक मकसद इसके पीछे नहीं हो सकता है। क्राइम ब्रांच के एक सहायक पुलिस निरीक्षक के इर्द-गिर्द यह मामला घूम रहा है और इसके पीछे का मकसद जल्द ही सामने आएगा। सामना ने लिखा है कि किसी भी हाल में इसके पीछे आतंकवाद के तार न जुड़ने के बावजूद इस अपराध की जांच में एनआईए का घुसना, ये क्या मामला है? आतंकवाद से संबंधित प्रकरणों की जांच एनआईए करती है।

# बॉम्बे हाई कोर्ट का मुंबई पुलिस को निर्देश, अर्नब गोस्वामी की गिरफ्तारी से तीन दिन पहले देना होगा नोटिस



**मुंबईः** बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को मुंबई पुलिस को निर्देश दिया कि अगर वह टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट (टीआरपी) घोटाला मामले में रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्णब गोस्वामी को गिरफ्तार करना चाहती है तो उन्हें तीन दिन पहले इस संबंध में नोटिस दें। न्यायमूर्ति एसएस शिंदे और न्यायमूर्ति मनीष पिताले की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार के इस बयान को भी स्वीकार किया कि रिपब्लिक टीवी, एआरजी आउटलायर मीडिया के अन्य कर्मचारियों और अन्य टेलीविजन चैनलों के खिलाफ जांच 12 हफ्तों में पूरी हो जाएगी। अदालत गोस्वामी और एआरजी मीडिया की कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है जिसमें उन्होंने मामले में कई राहतें मांगी हैं। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया था मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के पास उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है लेकिन वह आरोपपत्र में संदिग्ध के तौर पर उनका नाम लेकर जांच को खींच रही है। सोमवार को हुई सुनवाई में उच्च न्यायालय ने पुलिस से कहा कि वह कोई भी मामले में किसी का भी नाम लिए बगैर महीनों तक जांच नहीं कर सकती।अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों पर गौर करते हु

# कांग्रेस ने कही उद्धव ठाकरे के साथ राज्यपाल से मिलने की बात, राजभवन ने कहा- मुंबई में नहीं रहेंगे गवर्नर कोश्यारी



**मुंबई।** उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के बाहर विस्फोटक से भरी स्कॉर्पियो के मिलने के बाद से महाराष्ट्र की राजनीति में मानो भूचाल आ गया है। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा है कि वह कल यानी गुरुवार को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मिलेंगे। राज्यपाल के समक्ष सरकार का पक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। नाना पटोले के इस बयान के बाद राजभवन की तरफ से भी प्रतिक्रिया आई है। एक विभागीय बयान में कहा गया है कि कल यानी बुधवार को कोई नियुक्ति नहीं मांगी गई है। इतना ही नहीं, राजभवन ने यह भी बताया है कि कल राज्यपाल मुंबई से बाहर हैं। आपको बताते चलें कि मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया के बाहर विस्फोटक से लदी स्कॉर्पियो मिलने के बाद मुंबई पुलिस के एक अधिकारी सचिन वाझे को एनआईए ने गिरफ्तार कर लिया है। इतना ही नहीं, हाल ही में मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह ने 100 करोड़ रुपए की उगाही का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी है।इस आरोप के बाद एनसीपी चीफ शरद पवार तक को सफाई देनी पड़ गई। इसी मामले में देवेंद्र फडणवीस ने गवर्नर से मुलाकात की थी। बुधवार को सुबह बीजेपी के नेताओं के साथ गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी को उन्होंने एक ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल से मुलाकात के बाद फडणवीस ने कहा था कि यह दुख की बात है

## वाहन दुर्घटना में पत्नी की मौत,पति घायल




**वसई :** वालीव पुलिस स्टेशन क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक 45 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत,जबकिं एक 47 वर्षीय पुरुष गंभीर से जख्मी होने की घटना घटी है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच में जुट गई है।मिली जानकारी के अनुसार, अमरुल्लाह मोहम्मद हदीस बाहलीम (47),जयनगर सागर सिटी वालीव वसई पूर्व में रहता है। बताया गया है कि,20 मार्च को अमरुल्लाह अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से मुंबई-अहमदाबाद महमार्ग रोड से होकर बोरीवली जा रहे थे,जैसे ही उक्त महमार्ग के साधना होटेल स्थित पहुंचा, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक द्वारा सड़क नियमों की अनदेखी करते हुए उक्त मोटरसाइकिल को जोरदार ठोकर मारा।इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए,जिसमे अमरुल्लाह की पत्नी सरीफुन्नीषा बाहलीम (45) की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वही अज्ञात वाहन चालक के ऊपर कलम 304 (अ) व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगे की तहकीकात में जुट गई है।

# पूर्व CP परमबीर सिंह का सनसनीखेज दावा

## अनिल देशमुख ने सचिन वझे को हर महीने 100 करोड़ वसूली का दिया था टॉरगेट





**मुंबईः** के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह ने गृह मंत्री अनिल देशमुख पर लगाए सनसनीखेज आरोप

परमबीर ने कहा कि पुलिसकर्मी सचिन वझे को देशमुख ने दिया था हर महीने 100 करोड़ वसूलने के आदेशपूर्व पुलिस कमिश्नर का दावा पिछले कुछ महीनों में देशमुख के आवास पर कई बार गए सचिन वझे

गृह मंत्री देशमुख ने कहा कि कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए परमबीर सिंह मुझ पर झूठे आरोप लगा रहे

मुंबई बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के घर के बाहर जिलेटिन से भरी स्कॉर्पियो मिलने के मामले में बड़ी तेजी से घटनाक्रम बदल रहे हैं। कुछ दिन पहले मुंबई के पुलिस कमिश्नर पद से हटाए गए परमबीर सिंह ने महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख पर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को लिखे पत्र में परमबीर सिंह का कहना है कि इस मामले में सस्पेंड किए गए एनकाउंटर स्पेशलिस्ट सचिन वझे को देशमुख ने हर महीने 100 करोड़ रुपये कलेक्ट करने के लिए कहा था। परमबीर सिंह के इन आरोपों के बाद महाराष्ट्र में सियासी गर्मी बढ़ गई है। गृह मंत्री अनिल देशमुख की कुर्सी पर खतरा मंडराने लगा है। मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी में परमबीर सिंह ने कहा कि गृह मंत्री अनिल देशमुख ने मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया के बाहर विस्फोटक रखने के आरोपी पुलिसकर्मी सचिन वझे को हर महीने रेस्ट्रॉन्ट्स, होटल, बार आदि से 100 करोड़ उगाही करने के आदेश दिए थे। पिछले कुछ महीनों में कई बार देशमुख के आवास पर गए सचिन वझे

अपनी चिट्ठी में परमबीर सिंह ने लिखा कि मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के क्राइम इंटेलिजेंस यूनिट के हेड सचिन वझे को महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने पिछले कुछ महीनों में कई बार अपने सरकारी आवास पर बुलाया था। यहां उन्होंने सचिन वझे को बार-बार हर महीने 100 करोड़ रुपये कलेक्ट करने का निर्देश दिया पत्र में पूर्व पुलिस कमिश्नर ने लिखा है कि फरवरी में और उसके बाद अनिल देशमुख ने सचिन वझे को अपने सरकारी आवास पर बुलाया था।

उस समय मौके पर गृह मंत्री के निजी सचिव समेत एक-दो कर्मचारी वहां मौजूद थे। सबके सामने गृह मंत्री ने सचिन वझे से कहा कि उनके पास हर महीने 100 करोड़ रुपये जमा करने का टारगेट है। देशमुख ने वझे को बताया कि मुंबई में करीब 1750 बीयर बार, रेस्तरां और अन्य स्थान हैं। यदि हर जगह से 2-3 लाख रुपये कलेक्ट किए जाएं तो हर महीने 40- 50 करोड़ मिल जाएंगे।

## वीवीसीएमसी वैद्यकीय आरोग्य विभाग की ओर सेकोविड-19 : मनपा क्षेत्र में 198 पॉजेटिव, 40 करोना मुक्त, 1 की मौत




**वसईः** वसई-विरार शहर महानगर पालिका का वैद्यकीय आरोग्य विभाग कोविड-19 में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या और उनकी स्थित की सूचना सहित कोरोना मामले में लोगों को जागृत करने का कार्य किया जा रहा है नतीजन मनपा क्षेत्र में कोरोना संक्रमितों की संख्या और उससे होने वाली मौत में भी काफी कमी देखा जा रहा है मनपा विभाग द्वारा प्रतिदिन इसका आकड़ा प्रस्तुत किया जाता आ रहा है मनपा की ओर से 24 मार्च 2021 को कोविड-19 का नया आकड़ा प्रस्तुत किया गया, जिसमें अब तक कुल 3,31,583 कोविड संक्रमण के मरीज पाए गऐ 14 दिनों के लिए 2,72,828 कोरन्टाइन हुए है कोविड-19 जांच हुए नागरिकों की संख्या 2,19,367 है वही कोरोना पॉजेटिव मरीजों की संख्या 31,743 है, जिनमे 198 नये कोरोना संक्रमित पाये गए हैं कोविड-19 से मृतकों की संख्या 907 है, जिसमें 1 कोरोना से मौत के आंकड़े समाहित है

# कौन है अमरावती की तेलुगू ऐक्ट्रेस और एमपी नवनीत कौर राणा

## जिन्हें मिली शिवसेना से धमकी



**मुंबईः** में मुकेश अंबानी के घर के बाहर विस्फोटक मिलने का मामला महाराष्ट्र सरकार के गले की फांस बना हुआ है। इसी बीच अमरावती की सांसद नवनीत कौर ने आरोप लगाया है कि उन्हें शिवसेना सांसद अरविंद सावंत ने धमकी दी है। नवनीत कौर ने संसद में सचिन वझे केस उठाया था। हालांकि अरविंद सावंत ने इन आरोपों से इनकार किया है। नवनीत पहले भी आरोप लगाती रही हैं कि शिवसेना के खिलाफ संसद में बोलने पर उन्हें धमकी भरे लेटर मिले हैं। पांच भाषाएं जानती हैं नवनीतनवनीत कौर का जन्म मुंबई में ही हुआ है। 12वीं के बाद उन्होंने पढ़ाई छोड़ मॉडलिंग शुरू कर दी थी। वह तेलुगू फिल्मों के अलावा कन्नड़, मलयालम और पंजाबी फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। नवनीत कौर मराठी, पंजाबी, तेलुगू, हिंदी और इंग्लिश बोल सकती हैं।साल 2011 में उन्होंने अमरावती के बड़नेरा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय एमएलए रवि राणा से शादी की। यह शादी इसलिए भी खास थी क्योंकि उनके साथ 3720 जोड़ों ने सामूहिक विवाह में हिस्सा लिया था। इस शादी में तत्कालीन सीएम पृथ्वीराज चव्हाण और बाबा रामदेव भी मौजूद थे।

शादी के बाद नवनीत कौर ने राजनीति का रुख किया और साल 2014 में उन्होंने एनसीपी के टिकट पर चुनाव लड़ा लेकिन वह हार गईं। लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और साल 2019 में निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ा। उन्हें कांग्रेस और एनसीपी का सपोर्ट मिला और वह अमरावती से सांसद के रूप में चुन ली गईं। नवनीत ने शिवसेना के दिग्गज नेता आनंदराव अडसुल को हराया था।नवनीत कौर पिछले साल मार्च में उस समय चर्चा में आई थीं जब वह मास्क लगाकर संसद पहुंची थीं। उन्होंने मास्क लगाकर ही सवाल पूछे। उनका कहना था कि कोरोना से बचाव के लिए और जागरूकता बढ़ाने के लिए ही उन्होंने मास्क पहना है। उन्होंने सांसदों की स्क्रीनिंग पर भी जोर दिया था। इस साल फरवरी में नवनीत ने शिकायत दर्ज कराई थी


संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला

## संपादकीय

# फिर मंडराता संकट

***सरकार ने आगामी 1 अप्रैल से कोविड-19 टीकाकरण अभियान में नए आयु वर्ग को शामिल करते हुए अब 45 वर्ष से ऊपर के सभी नागरिकों को टीके लगवाने की इजाजत दे दी है। यकीनन, यह सुकूनदेह खबर है और इससे टीकाकरण की रफ्तार बढेगी। अब तक 60 साल से ऊपर के ही सभी लोगों को यह सुविधा हासिल थी। अलबत्ता, दूसरे गंभीर रोगों के कमउम्र मरीजों को भी टीके लगवाने की छूट थी। लेकिन जिस तेजी से देश में फिर से संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं, उसे देखते हुए इसका दायरा बढ़ाने की जरूरत महसूस की जा रही थी। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने केंद्र से अपील की थी कि नौजवानों को भी टीके लगवाने की इजाजत दी जाए। पंजाब उन सूबों में एक है, जहां कोरोना की नई लहर ज्यादा चिंता पैदा कर रही है। हालात की गंभीरता का अंदाज इसी से लग जाता है कि मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी है कि राज्य में पहले ही कई पाबंदियां लगी हैं और यदि लोग कोविड-प्रोटोकॉल के प्रति संजीदा नहीं हुए, तो सरकार और प्रतिबंधों के लिए बाध्य होगी। आज से ठीक एक साल पहले भारत में पहले लॉकडाउन की शुरूआत हुई थी। उसके बाद देश किन-किन कठिनाइयों से जूझा, उसे याद दिलाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए, क्योंकि हम सबके जेहन से वह अभी उतरा भी नहीं है। लेकिन टीकाकरण अभियान की शुरूआत के समय देश-दुनिया के तमाम विशेषज्ञों ने आगाह किया था कि टीके के साथ-साथ एहतियाती उपाय जारी रहने चाहिए, मगर उस मोर्चे पर हुई लापरवाही की तस्दीक आंकड़े कर रहे हैं। पिछले 24 घंटों में देश में नए पॉजिटिव मामलों की संख्या 40,700 के ऊपर चली गई है। अकेले महाराष्ट्र में लगभग 25,000 मामले रोजाना आने लगे हैं। पंजाब, गुजरात, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और तमिलनाडु म् भी तेज उभार दिख रहा है। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि यदि अगले कुछ दिनों में भी यह वृद्धि जारी रही, तो राज्य सरकार मुंबई और कुछ अन्य शहरों में पूर्ण लॉकडाउन जैसे विकल्प पर विचार करेगी। यानी एक साल बाद आज हम फिर उसी मोड़ पर खड़े हैं, जहां एक अनिश्चितता हमारे ऊपर डोलने लगी है। तब तो हमारे पास कोई दवा, वैक्सीन नहीं थी, जबकि आज देश में करीब पांच करोड़ लोगों को टीके की पहली खुराक मिल चुकी है, बल्कि कई लोगों को तो दोनों खुराकें मिल चुकी हैं***

# काश! वैसे घर न लौटते लोग



इन दिनों हम दुनिया के सबसे सख्त लॉकडाउन की पहली बरसी मना रहे हैं। यह देशव्यापी तालाबंदी अलहदा थी, क्योंकि महज चार घंटे की सूचना पर इसे लागू किया गया था। देश भर में फंसे करोड़ों लोगों, यात्रियों, छात्र-छात्राओं और प्रवासियों की सुध नहीं ली गई थी। आज भी, लॉकडाउन की जो पहली छवि हमारी आंखों के सामने आती है, वह बेबस मजदूरों की ही है, जो पैदल अपने-अपने घरों की ओर रवाना हो गए थे। फिर चाहे वे पुरुष हों, महिला या बच्चे, जिसे जो भी साधन मिला, उसी से वह विदा हो गया। इस घर वापसी में कई लोग तो मंजिल तक पहुंचने से पहले ही दम तोड़ गए। यह निश्चय ही देश का सबसे बड़ा शहरी पलायन था। यह कुछ ऐसा था, जिसके बारे में न तो नीति-नियंता अनुमान लगा सके थे, और न ही आम जनता। लॉकडाउन और इसकी वजह से हुए शहरी पलायन ने सभी प्रवासियों को समान रूप से प्रभावित नहीं किया। इसने उन लोगों को ज्यादा चोट पहुंचाई, जो देश की अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में सबसे निचले दर्जे पर हैं। इनकी कमाई कम है और रोजगार अनिश्चित, इसलिए जीवित रहने के लिए ये कभी ग्रामीण, तो कभी शहरी अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनते रहते हैं। इनमें भी सबसे अनिश्चित जीवन मौसमी प्रवासियों का होता है, जो अन्य राज्यों में निर्माण-कार्यों, ईंट भट्ठों, खदानों आदि में काम करने के लिए लंबी दूरी तय करते हैं। जब लॉकडाउन की घोषणा हुई, तब इन प्रवासी कामगारों की नौकरी खत्म हो गई, कार्यस्थल पर तैनात मजदूरों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया, ठेकेदारों ने मजदूरी देने से इनकार कर दिया, और किराये पर रहने वाले कामगार मकान-मालिक का किराया चुकाने के लिए चिंतित हो उठे। ऊपर से वायरस के खौफ ने उनकी असुरक्षा और बढ़ा दी। ये सब उनके पलायन का कारण बने। जनगणना और राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के आधार पर मेरा यही अनुमान है कि ऐसे गरीब श्रमिकों की संख्या लगभग 13 करोड़ थी, जिनमें से 5.5 करोड़ दूसरे राज्यों में काम कर रहे थे, जबकि तीन करोड़ अंतर-राज्यीय मौसमी प्रवासी थे। सरकार का मानना है कि लगभग 1.1 करोड़ प्रवासी घर लौटे, जो सटीक नहीं जान पड़ता है, क्योंकि कई बार पैदल चलकर या स्वयं के साधन से मजदूर गृह राज्य को लौटे थे। शुरूआत में सरकारों और सार्वजनिक परिवहन तंत्र में समन्वय का अभाव दिखा, जबकि महाकुंभ जैसे विशाल आयोजनों का प्रबंधन ये बखूबी कर लेते हैं। यहां तक कि इन मजदूरों के यात्रा भाडे. का भुगतान कौन करेगा, इसका जवाब भी नहीं था। मगर, बाद में केंद्र सरकार ने जन-वितरण प्रणाली और मनरेगा का विस्तार किया, और कुछ संवेदनशील राज्य सरकारों ने खास कदम भी उठाए, जिससे गरीब प्रवासियों व उनके परिवारों को कुछ राहत मिल सकी।

प्रवासी संकट सामने आने के बाद पहली बार नीति-निमार्ताओं के साथ-साथ शहरी और औद्योगिक भारत को यह एहसास हुआ कि सहायक सेवाओं और विकास में इन मजदूरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनकी अनुपस्थिति से श्रम-बल में भारी अंतर आया। ऐसे में, संवेदनशील नागरिकों का यह तर्क वाजिब था कि प्रवासी श्रमिक केवल सस्ते श्रम और सेवाएं देने के माध्यम नहीं हैं, बल्कि उन्हें भी सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार है, उनके काम को पूरा महत्व मिलना चाहिए और आवास, बुनियादी सुविधाएं व स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए।

अब एक साल के बाद यह देखने का समय है कि इस सबक पर सभी भागीदार पक्षों ने गौर किया अथवा नहीं?

## घर–संसार

# इस होली पर बन रहा गुरु शनि का विशेष योग, चमत्कारी बदलाव के लिए करें ये काम




कोरोना महामारी के कारण इस बार भी होली का रंग फीका रहेगा। देशवासी इस बार भी लॉकडाउन वाली होली की तैयारी कर रहे हैं। यानी बाहर कोई बड़ा आयोजन नहीं। वहीं ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि ; 2021 से जुड़ी कुछ मान्यताओं को घर पर रहकर भी पूरा किया जा सकता है। इस बार होली पर वर्षों बाद विशेष योग बन रहा है। गुरु और शनि का ऐसा योग बन रहा है जो अत्यंत फलदायी रहेगा। इस बार होली पर देव गुरु बृहस्पति और न्या के देवता शनि मकर राशि में रहेंगे। जानिए गुरु और शनि के विशेष संयोग पर क्या करें और क्या न करे ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक, होली पर भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। इस बार गुरु तथा शनि की पूजा का भी योग है। ऐसा करने से परिवार में सुख शांति रहेगी। होलिका दहन के दिन सुबह स्नान व नित्यकर्मों से निवृत्त होकर शुभ मुहूर्त में पूजा करें। भगवान विष्णु के साथ ही माता लक्ष्मी की तस्वीर या मूर्ति रखें। यदि दोनों की चांदी की मूर्तियों हो तो सबसे अच्छा रहेगा। पहले दूध से अभिषेक करें। संभव हो तो दूध में केसर डाल लें। इसके बाद स्वच्छ जल से स्नान करवाएं, साफ कपड़े से पोछें और पीले वस्त्र पहनाएं या चढ़ाएं। इस दौरान पीली मिठाई का भोग लगाएं। धूप-दीप के बाद आरती करें। इस दौरान मन ही मन ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करते रहें। इस दिन दान का बड़ा महत्व बताया गया है। ने की दाल का दान करें। भगवान शिव की पूजा करें और उन्हें बेसन का लड्डू चढ़ाएं। घर में इस पूजा को करने के बाद होलिका दहन में शामिल हो।रायपुर में होली का बाजार गुलजार, बाजार में आई टी-शर्ट भाग कोरोना भाग... ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस पर होली पर चंद्रमा कन्या राशि में रहेंगे। वहीं शनि और देव गुरु बृहस्पति मकर राशि में रहेंगे। साथ ही शुक्र और सूर्य मीन राशि में विराजमान रहेंगे। वहीं मंगल और राहु वृषभ राशि, बुध कुंभ राशि और मोक्ष के कारण केतु वृश्चिक राशि में रहेंगे।

# आगरा में दारोगा की हत्याः शहीद के परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता

## CM योगी बोले- दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई





**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के आगरा में बुधवार शाम विवाद निपटाने गए दारोगा प्रशान्त यादव की गोली मारकर हत्या मामले में मुख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। सीएम योगी ने शहीद के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में प्रदेश की सरकार उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने इस घटना के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। दारोगा के स्वजनों को 50 लाख की आर्थिक सहायताः इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने शहीद दारोगा प्रशांत यादव के आश्रित स्वजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। साथ परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी सेवा में लिया जाएगा। यह जानकारी डीएम प्रभु एन सिंह ने दी। एडीजी राजीव कृष्ण ने बताया कि मृतक दारोगा को शहीद का दर्जा देते हुए उसके पैतृक गांव की सड़क का नाम शहीद के नाम पर रखा जाएगा। विवाद निपटाने गए दारोगा की हत्याः दरअसल, आगरा के थाना खंदौली क्षेत्र के गांव नहर्रा निवासी दो भाइयों में आलू के बंटवारे को लेकर बुधवार शाम विवाद की सूचना मिलते ही दारोगा प्रशांत यादव , सिपाही चंद्रसेन व एक अन्य सिपाही के साथ मौके पर निकले। घटना स्थल पहुंचते ही पुलिस टीम पर आरोपित हमलावर हो गए। इसी बीच आरोपित ने दारोगा की गोली मारकर हत्या कर दी।

## सीबीआइ के वकील ने कहा, लालू यादव के पास था रुपयों से भरा थैला...



**रांचीः** राजद सुप्रीमो के चारा घोटाला के डोरंडा कोषागार से जुड़े 139.5 करोड़ रुपये के अवैध निकासी के मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से गवाही चल रही है। मंगलवार को सीबीआइ के विशेष जज एसके शशि की अदालत को विशेष लोक अभियोजक बीएमपी सिंह ने घोटाले के संबंध में कई रोचक जानकारियां दी हैं। सीबीआइ के गवाह आरके दास द्वारा पूर्व में दी गई गवाही का उल्लेख करते हुए कहा कि घोटाले के किंगपिन पशुपालन विभाग के तत्कालीन रीजनल डायरेक्टर श्याम बिहारी सिंह ने एक दिन उन्हें अपने आवास पर बुलाया था। वे सुबह के समय उनके आवास गए तो बाहर के कमरे में बैठने के लिए बोल गया। कुछ देर बाद लालू प्रसाद यादव और आरके राणा श्याम बिहारी सिंह के बेडरूम से बाहर निकले। उस समय दोनों के हाथ में रुपये से भरा थैला था। जैसे ही लालू प्रसाद की नजर मुझ पर पड़ी, उनके हाथ से रुपये का थैला गिर गया। थैला फटने से रुपया इधर-उधर बिखर गया। हड़बड़ाहट में आरके राणा ने रुपया समेटा और दोनों वापस निकल गए। बीएमपी सिंह ने अदालत में जोर देकर कहा कि जो भी घोटाला हुआ, वह सत्ता के संरक्षण में हो रहा था।

उन्होंने घोटाले में सत्ता और अफसरशाही के गठजोड़ की भूमिका से अदालत को अवगत कराया।

## हादसे की जांच को दिल्ली से आई टीम, ब्वायलर टीम ने अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को दी



**प्रयागराजः** इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड की फूलपुर इकाई में हुए हादसे की जांच के लिए दिल्ली से भी एक टीम इफको पहुंच गई है। बुधवार को इस टीम ने इफको पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद घायल मजदूरों से पूछताछ की। विस्तृत जांच करने के बाद यह टीम अपनी रिपोर्ट इफको के प्रबंध निदेशक को सौंपेगी। वहीं, ब्वायलर टीम ने जांच करने के बाद अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी है। दर्दनाक हादसे के बाद इफको के चारों ब्वायलर बंद हैं। दिनभर वहां पर सन्नाटा पसरा रहा। उधर, अस्पताल में भर्ती घायलों का इलाज चल रहा है। इसमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है।मंगलवार दोपहर करीब सवा एक बजे इफको के पावर प्लांट नंबर वन में अचानक तेज धमाका हुआ।


धमाके के साथ चार नंबर ब्वावलर फट गया, जिसकी चपेट में आने से कई संविदाकर्मी व मजदूर जख्मी हो गए। धमाके की गूंज सुन लंच के वक्त भोजन कर रहे कर्मचारी व मजदूर भागकर वहां पहुंचे तो दृश्य देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। कामगार बेसुध हालत में इधर-उधर पड़े थे। आनन फानन सभी को अलग-अलग अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्रदीप कुमार और विजय यादव को मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर पाकर डीएम समेत इफको के कई अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर छानबीन की। साथ ही जांच के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गईं।

# राजकोट से भिंड जा रही बस में लगी आग, यात्रियों ने कूदकर बचाई जान



**उज्जैन।** बड़नगर रोड पर ग्राम खरसौदखुर्द व राजोटा के बीच मंगलवार देर रात राजकोट (गुजरात) से भिंड (मध्य प्रदेश) जा रही जेएसटी बस सर्विस की बस में आग लगी और तेजी से फैली। इस दौरान यात्रियों ने खिड़की से कूदकर जान बचाई। बस में 100 से ज्यादा यात्री थे। आग लगती देख आसपास के ग्रामीणों ने यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की। सूचना पर बड़नगर थाना प्रभारी व बल मौके पर पहुंचा। तीन दमकलों ने आग पर काबू पाया। इस बीच कुछ यात्रियों का सामान जल गया।इंगोरिया थाना प्रभारी अशोक शर्मा ने बताया बस (जीजे 0-एचटी-1043) भिंड के लिए रवाना हुई थी। रात करीब 12 बजे खरसौदखुर्द व ग्राम राजोटा के बीच सातवां मिल बस स्टैंड के यहां पेट्रोल पंप के समीप बस के पिछले हिस्से में आग लग गई। रात का समय होने से अधिकतर यात्री नींद में थे। एक कार चालक ने बस ओवरटेक कर आग लगने की जानकारी दी। तब अफरा-तफरी मची। यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण जुटे और बस में फंसे यात्रियों को निकाला। अधिकतर यात्रियों का सामान भी बाहर निकाल दिया था। हालांकि कुछ यात्रियों का सामान तब भी जल गया।बस के पिछले हिस्से से आग लगना शुरू हुई थी। आग कैसे लगी होगी इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। बस चालक संतोष भदौरिया ने बताया वायरिंग में शार्ट सर्किट से आग लग गई।जहां बस में आग लगी उसके दोनों ओर गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी थी।

# अमेरिकी जहर से कहीं ज्यादा खतरनाक है भारतीय जहर




ओशो रजनीश का जन्म 11 दिसम्बर, 1931 को कुचवाड़ा गांव, बरेली तहसील, जिला रायसेन, राज्य मध्यप्रदेश में हुआ था। उन्हें जबलपुर में 21 वर्ष की आयु में 21 मार्च 1953 मौलश्री वृक्ष के नीचे संबोधि की प्राप्ति हुई। 19 जनवरी 1990 को पूना स्थित अपने आश्रम में सायं 5 बजे के लगभग अपनी देह त्याग दी। उनका जन्म नाम चंद्रमोहन जैन था। आओ जानते हैं उनके पिछले जन्म की 3 खास बातें।ओशो ने कहा था, ह्यमेरे बारे में जितनी गालियां निकलती है, उतनी शायद ही किसी के बारे में निकलती होगी, लेकिन मेरा कार्य है कि धर्म और राष्ट्र के झूठ को, पाखंड को उजागर करना तो वह मैं करता रहूंगा।...मुझे भारत में समझा जाने लगेगा लेकिन थोड़ी देर से। यदि आज भी सूली देना प्रचलन में होता तो निश्चित ही ओशो को सूली पर लटका दिया जाता लेकिन अमेरिका ऐसा नहीं कर सकता था इसलिए उसने ओशो को थैलियम का एक इंजेक्शन लगाया, जिसकी वजह से 19 जनवरी, 1990 में ओशो ने देह छोड़ दी। अमेरिकी और भारतीय लेखकों की पुस्तकों में लिखे तथ्य और तर्क बताते हैं कि अमेरिका में रोनाल्ड रीगन के काल में 12 दिनों तक ओशो को यातना दिए जाने के दौरान थेलिसियम जहर दिया गया था, जिसके कारण वे समय पूर्व ही शरीर छोड़कर अशरीरी हो गए। इस संबंध में मा प्रेम मनीषा और अमेरिकी अटॉर्नी जनरल सू एपलटन की दिया अमृत पाया जहर पुस्तक प्रसिद्ध है

# महामारी में कैसे स्वास्थ्य हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण हो गया!




पिछले साल शुरू हुई कोरोना वायरस महामारी ने किस तरह पूरी दुनिया को बदल दिया, ये सब जानते हैं। हम कैसे काम करते थे, सीखते थे, घूमते थे, लोगों से मिलना-जुलना, इस महामारी ने सब कुछ बदल कर रख दिया है। अब शारीरिक दूरी बनाए रखने के लिए लोग वर्चुअल दुनिया का सहारा ले रहे हैं, फिर चाहे वह व्यक्तिगत हो या फिर प्रोफेशनल। एक सर्वे के दौरान ये बात भी सामने आई कि इस महामारी ने दुनिया भर के लोगों का स्वास्थ्य को लेकर नजरिया ही बदल दिया। महामारी और लॉकडाउन के समय शरीर को स्वस्थ रखना लोगों की प्राथमिक्ता बन गई थी, जो आज भी कायम है। आइए नजर डालते हैं कुछ ऐसी चीजों पर जो हम सभी ने अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए करना शुरू की हैं:

महामारी के दौरान ही लोगों को समझ आया कि हमारे शरीर का स्वस्थ रहना कितना जरूरी है। जिसकी के लिए स्वस्थ खाने का सबसे पहला नियम है घर का बना खाना खाना। बाहर के खाना ताजा है या नहीं, कितनी स्वच्छता से बनाया गया है, किस तरह की चीजों का उसमें इस्तेमाल किया गया है, इन सभी सवालों का जवाब मिलना मुश्किल होता है, इसलिए बेहतर यही है कि घर का खाना खाया जाए। लॉकडाउन के समय लोगों ने घर का बना और शरीर को फायदे पहुंचाने वाले खाना पर ध्यान दिया। ताजा फल और सब्जियों का सेवन किया और समय पर किया।

# क्रिस्टल डिसूजा ने अमिताभ बच्चन के साथ चेहरे के सेट पर अपनी पहली

## मुलाकात को किया याद, कही ये बात



टीवी कलाकार क्रिस्टल डिसूजा निर्देशक आनंद पंडित की मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म चेहरे में नजर आएंगी' इस फिल्म के साथ वह बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं' इस फिल्म में उनके अलावा अमिताभ बच्चन की अहम भूमिका है'अब एक इंटरव्यू में क्रिस्टल डिसूजा ने अमिताभ बच्चन से सेट पर पहली बार मिलने के बारे में बात की है' अमिताभ बच्चन और इमरान हाशमी की फिल्म चेहरे जल्द रिलीज होनेवाली है' फिल्म के ट्रेलर को काफी पसंद किया जा रहा है' इस फिल्म का निर्देशन रूमी जाफरी ने किया है और यह फिल्म सस्पेंस, थ्रिलर और आरोपों से भरी हुई है' हाल ही में क्रिस्टल डिसूजा से पूछा गया कि जब पहली बार वह अमिताभ बच्चन से मिली, तब उनकी क्या प्रतिक्रिया थी' इसपर उन्होंने कहा, ह्यमैं वह दिन कभी नहीं भूल सकती' यह जैसे कल ही हुआ था' मैं उनके पास गई और मैंने अपना परिचय दिया' उन्होंने अपना भी परिचय दिया, मैंने कहा, मुझे पता है' वह बहुत ही अच्छे थे' उन्होंने मेरा स्वागत किया' उन्होंने मेरे साथ कुछ लाइनें रिहर्स की और फिर हम टेक देने चले गए' मेरी मां साइड में आंखों में आंसू लिए खड़ी थी'फिल्म में चेहरे में इमरान हाशमी, रिया चक्रवर्ती और अनु कपूर की भी अहम भूमिका है' चेहरे 9 अप्रैल 2021 को रिलीज होगी। क्रिस्टल डिसूजा कई टीवी शो में अहम भूमिका निभा चुके है' उनके शो काफी पसंद किया गया है' क्रिस्टल डिसूजा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव है'

वह अक्सर अपने फैंस से बात करती है' वहीं सदी के महानायक अमिताभ बच्चन बॉलीवुड की कई फिल्मों में अहम भूमिका निभा चुके है' उनकी भूमिकाएं काफी पसंद की गई है' वह जल्द कई फिल्मों में नजर आनेवाले है' इनमें ब्रह्मास्त्र भी शामिल है' इस फिल्म में उनके अलावा रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की अहम भूमिका है' हाल ही में इस फिल्म की शूटिंग रोक दी गई है'

# रियान पराग ने बताया, किस खिलाड़ी के साथ करना चाहते हैं बिहु डांस



**नई दिल्ली :** राजस्थान रॉयल्स ने अपनी टीम के खिलाड़ी रियान पराग का एक वीडियो ट्विटर पर शेयर किया है। इसमें वो लोगों के सवालों का जवाब दे रहे हैं। रियान ने एक शख्स ने सवाल किया कि वो किस खिलाड़ी के साथ असम का पारंपरिक नृत्य बिहु करना चाहते हैं तो उन्होंने इसका जवाब देते हुए कहा कि वो भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली के साथ बिहु डांस करना चाहते हैं। इसके अलावा उन्होंने कई और दिलचस्प सवालों के जवाब दिएउनसे जब उनके रोल मॉडल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरे रोल मॉडल विराट कोहली हैं। एक और सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वो विराट कोहली की तरह कवर ड्राइव और जोस बटलर की तरह स्कूप खेलना चाहते हैं। रियान पराग के लिए आईपीएल का पिछला सीजन कुछ खास नहीं रहा था। उन्होंने 12 मैचों में 86 रन बनाए थे। उन्होंने हाल ही में राजस्थान रॉयल्स का ट्रेनिंग कैंप ज्वाइन किया था। इस समय वो मुंबई में क्वारंटीन में हैं।गौरतलब है कि पिछले सीजन में राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज रियान पराग ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में 26 गेंद पर नॉटआउट 42 रनों की पारी खेली और राहुल तेवतिया के साथ मिलकर टीम को पांच विकेट से शानदार जीत दिलाई। रियान ने 19.5 ओवर में छक्के के साथ टीम को जीत दिलाई थी और इसके बाद मैदान पर ही बिहु डांस करने लगे।

## दिल्ली कैपिटल्स को लगा तगड़ा झटका, श्रेयस अय्यर आईपीएल से हुए बाहर

**नई दिल्ली :** श्रेयस अय्यर इंग्लैंड के खिलाफ शुरूआती वनडे में कंधे की हड्डी खिसकने के कारण 9 अप्रैल से शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से भी बाहर हो गए। इसकी पुष्टि दिल्ली कैपिटल्स ने कर दी है। दिल्ली कैपिटल्स के सहमालिक पार्थ जिंदल ने इसकी पुष्टि कर दी है। पार्थ जिंदल ने ट्वीट करके लिखा कि हमारे कप्तान श्रेयर अय्यर चोट की वजह से पूरे आईपीएल से बाहर हो गए हैं। उम्मीद है कि वो जल्दी ठीक होंगे। विश्वास है कि आप और मजबूत होकर लौटेंगे। टी 20 वर्ल्ड कप में भारत को आपकी जरूरत है। हालांकि बीसीसीआई ने इसे लेकर आधिकारिक बयान नहीं दिया है। लेकिन स्कैन में उनकी चोट को लेकर जो जानकारी आ रही है, उसके मुताबिक उनकी सर्जरी हो सकती है। पहले वनडे मैच में फील्डिंग के दौरान बेयरेस्टो के स्ट्रोक को रोकने के दौरान उनके बाएं कंधे पर चोट आई थी। अय्यर के बाहर होने की वजह से दूसरे वनडे मैच में सूर्यकुमार यादव को वनडे में डेब्यू का मौका मिल सकता है। पिछले सीजन में अय्यर ने दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल में पहुंचाया था। हालांकि फाइनल में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर रिकॉर्ड पांचवी बार आईपीएल जीता था।अय्यर के आईपीएल में बाहर होने की वजह से ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स के लिए कप्तानी कर सकते हैं। वो पिछले साल टीम के उपकप्तान थे।

## दूसरे वनडे में सूर्यकुमार यादव कर सकते हैं डेब्यू, सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी विराट ब्रिगेड

**नई दिल्ली :** सूर्यकुमार यादव को इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार को पुणे में होने वाले दूसरे वनडे मैच में डेब्यू का मौका मिल सकता है। वहीं भारत की नजरें मैच जीतकर सीरीज अपने नाम करने पर होंगी । श्रेयस अय्यर कंधे की हड्डी खिसकने के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। यादव ने टी20 क्रिकेट में शानदार डेब्यू करके अपना दावा पुख्ता किया है। कोरोना महामारी से पहले श्रेयस भारतीय वनडे टीम के सबसे अहम खिलाड़ियों में से एक थे लेकिन भारत की ह्वबेंच स्ट्रेंथ इतनी मजबूत है कि अब डेब्यू करने जा रहा खिलाड़ी भी विश्व चैम्पियन टीम के लिये खतरनाक लग रहा है। कप्तान विराट कोहली समेत टीम प्रबंधन के सामने



चयन की दुविधा होग । रविंद्र जडेजा तीन महीने से टीम से बाहर है लेकिन टेस्ट में अक्षर पटेल और वनडे में कृणाल पंड्या ने उनकी कमी महसूस नहीं होने दी। आईपीएल के कारण मशहूर हुए प्रसिद्ध कृष्णा ने वनडे क्रिकेट में डेब्यू के साथ शानदार प्रदर्शन करके चार विकेट चटकाए। जडेजा और जसप्रीत बुमराह के लौटने पर कृणाल या कृष्णा में से एक को बाहर रहना होगा। भारत के लिए सबसे बड़ी राहत शिखर धवन का फॉर्म में लौटना रही जिन्होंने 98 रन बनाये । टी20 सीरीज से बाहर रहने के बाद उन पर अच्छे प्रदर्शन का काफी दबाव था । रोहित शर्मा को पहले मैच में कोहनी में चोट लगी लेकिन उनके फिट होने की उम्मीद है। रोहित को ब्रेक देने पर शुभमन गिल दूसरे मैच में धवन के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं। ऐसे में राहुल मध्यक्रम में उतरेंगे। सूत्रों के अनुसार रोहित की चोट गंभीर नहीं है और वह खेलने को बेताब हैं।

पंत बल्लेबाज के तौर पर ही खेलेंगे और राहुल विकेटकीपिंग करेंगे । चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने पहले मैच में नौ ओवर में 68 रन दिये जिनकी जगह लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को उतारा जा सकता है भुवनेश्वर कुमार, कृष्णा और शार्दुल ठाकुर की तेज तिकड़ी ने दस में से नौ विकेट लिये और वे इस लय को कायम रखना चाहेंगे ।

## सचिन तेंदुलकर के फैन सुधीर ने पहाड़ियों पर जाकर टीम इंडिया को किया सपोर्ट, तस्वीर हुई वायरल




**नई दिल्ली :** भारत और इंग्लैंड के बीच वनडे सीरीज में दर्शकों को मैदान में आने की परमिशन नहीं है। कोरोना महामारी को देखते हुए बीसीसीआई ने ये फैसला लिया है। सचिन तेंदुलकर के फैन सुधीर कुमार भारत के मैचों में अक्सर दिखाई देते हैं। मैदान में दर्शकों के लिए एंट्री बैन होने के बाद उन्होंने टीम इंडिया को सपोर्ट करने का नायाब तरीका खोजा है। सुधीर ने पुणे में खेले गए पहले वनडे मैच को वहां से नजदीक ऊंची पहाड़ियों से देखा और टीम इंडिया को सपोर्ट किया। हमेशा की तरह उनके हाथ में तिरंगा था और वो भारतीय रंग में रंगे हुए थे। इन पहाड़ियों से स्टेडियम नजर आ रहा था। सुधीर कुमार की टीम इंडिया का सपोर्ट करने वाली ये तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हो गई हैं। लोग इन तस्वीरों पर रिएक्ट कर रहे हैं। सुधीर पिछले कई सालों से टीम इंडिया के मैचों के दौरान स्टेडियम में नजर आते हैं। साल 2007 के बाद से टीम इंडिया के घरेलू मैदान में होने वाले हर मैच में नजर आते हैं। सुधीर सचिन तेंदुलकर के जबदस्त फैन है। उनका सपना साल 2011 में पूरा हुआ, जब भारत के वर्ल्डकप जीतने के बाद उन्होंने सचिन ने उन्हें समारोह स्थल पर बुलाया और उनके साथ ये यादगार लम्हे शेयर किए। तेंदुलकर ने उसी दिन अपने सबसे बड़े प्रशंसक के साथ गले लगाया और हाथ मिलाया।

# परमबीर सिंह का लेटर बमः गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी ने उद्धव ठाकरे सरकार से मांगा जवाब

**मुंबईः** महाराष्ट्र के गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी ने महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे सरकार से परमबीर सिंह के लेटर के मामले में जवाब मांगा है। गवर्नर ने महाराष्ट्र सरकार को लिखी चिट्ठी में पूछा है कि आखिर परमबीर सिंह की ओर से लगाए गए आरोपों को लेकर अब तक क्या कार्रवाई हुई है। इस बीच



आज शाम को महाविकास अघाड़ी के नेता भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात कर अपना पक्ष रख सकते हैं।

बुधवार को ही बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस, सुधीर मुनगंटीवार समेत कई नेताओं ने राज्यपाल से मुलाकात की थी और उद्धव ठाकरे सरकार से जुड़ी रिपोर्ट राष्ट्रपति को भेजने की मांग की थी। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि वह गुरुवार को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मिलेंगे और उनके समक्ष सरकार का पक्ष प्रस्तुत करेंगे। नाना पटोले के बयान के बाद राजभवन की तरफ से प्रतिक्रिया आई, जिसमें बताया गया कि कांग्रेस की ओर से कोई अपॉइंटमेंट नहीं लिया गया है। इसके साथ ही राजभवन ने बताया कि राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी मुंबई से बाहर हैं।

## अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए आरएसएस ने अकेले विदर्भ क्षेत्र से जुटाए 57 करोड़ रुपए



**मुंबई:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के 27 लाख परिवारों से 57 करोड़ रुपये चंदा एकत्र किया। आरएसएस विदर्भ के ह्यप्रांत कार्यवाह दीपक तमशेट्टीवार ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए हाल ही में संपन्न हुए निधि समर्पण अभियान में आरएसएस के 70,796 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया जिनमें 7,512 महिलाएं थीं। उन्होंने विदर्भ के 12,310 गांवों के 27,67,991 परिवारों से 57 करोड़ रुपये एकत्र किए।विदर्भ क्षेत्र में 11 जिले हैं- यवतमाल, अकोला, अमरावती, वर्धा, बुलढाणा, वाशिम, नागपुर, चंद्रपुर, भंडारा, गढ़चिरौली और गोंदिया। उन्होंने कहा कि 80,424 महिलाओं समेत 20,64,622 कार्यकर्ता, राम मंदिर निर्माण के लिए देशभर के 5,45,737 गांवों और 12,42,21,214 परिवारों तक पहुंचे। तमशेट्टीवार ने कहा कि देशभर में इस अभियान के तहत कितनी राशि एकत्र की गई इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि हाल ही में आरएसएस के सर कार्यवाह बने दत्तात्रेय होसबाले कुछ महीनों में ही नागपुर से काम करना शुरू कर देंगे।

## मुंबई में सबसे ज्यादा कोरोना का प्रकोप, सामने आए 5 हजार से अधिक नए मामले

**मुंबईः** महाराष्ट्र में कोरोना का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है और इसका सबसे ज्यादा प्रकोप देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में देखा जा रहा है। बुधवार को मुंबई में 5 हजार से भी ज्यादा मामले सामने आए। एक दिन आने वाला यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। मुंबई ने बुधवार 5,285 नए कोरोना मामले रिकॉर्ड किए इसकी के साथ यहां 6 लोगों की मौत हो गई।अभी तक ऐसा पहली बार जब मुंबई में 5 हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं।












स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट , ऑफ आरे रोड , प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास , गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित । संपादकः मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997
T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेल: newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net